बाबा मुझे तेरा सहारा

बाबा मुझे तेरा सहारा है
एक तू ही सबका पालनहार है

दर-दर भटका बहुत जहां मे
अब तेरा दरबार मिला
तेरे दर्शन करके बाबा
मेरे दिल को चैन मिला
भा गया ये मुझको तेरा द्वारा है
बाबा मुझे तेरा सहारा है

तूने मन की बगिया में
अब छाई खुशहाली है
तेरी दया से 12 महीना
होली और दिवाली है
तेरे नाम से चलता मेरा गुजारा है
बाबा मुझे तेरा सहारा है

और कहीं अब मैं ना जाऊं
कसम ये हमने खाई है
झोली मेरी खाली रह गई
फिर तेरी रुसवाई है
कहता सागर तुम्हारे का सहारा है
बाबा मुझे तेरा सहारा है

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19697/title/baba-mujhe-tera-sahara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |